# SELF ASSESSMENT MODEL PAPER-1 2026-27

## Second Language - HINDI

**Class : VII]** **(Max.Marks : 35)** **[Time : 1 hr. 15 min.**

**Name of the Student : …… Roll No. ……**

**खंड – अ : निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनिए।** **15 × 1 = 15**

**1. 'ज्ञान' शब्द का सही अर्थ पहचानिए।** **[ ]**

A) भोजन B) विद्या C) खेल D) धन

**2. 'प्रभु' शब्द का सही अर्थ क्या है?** **[ ]**

A) गुरु B) भगवान C) मित्र D) बालक

**3. 'आनंद' शब्द का समानार्थक शब्द पहचानिए।** **[ ]**

A) दुःख B) खुशी C) क्रोध D) भय

**4. 'होशियार कौआ' पाठ की विधा क्या है?** **[ ]**

A) कविता B) चित्रकथा C) पत्र D) निबंध

**5. जंगल में खाने की खोज में कौन घूम रहा था?** **[ ]**

A) कौआ B) मोर C) खरगोश D) हिरन

**6. पेड़ पर बैठे कौए के मुँह में क्या था?** **[ ]**

A) फल B) रोटी का टुकड़ा C) पानी D) दाना

**7. कौए से रोटी पाने के लिए लोमड़ी ने क्या किया?** **[ ]**

A) उसे डराया B) उसकी प्रशंसा की

C) उस पर पानी डाला D) वहाँ से चली गई

**8. लोमड़ी कौए से क्या करवाना चाहती थी?** **[ ]**

A) उड़ना B) गाना C) दौड़ना D) सोना

**9. कौए ने लोमड़ी की बात सुनकर क्या किया?** **[ ]**

A) तुरंत नीचे आ गया B) सोच-विचार किया

C) रोटी दे दी D) जंगल से भाग गया

**10. सोच-विचार करके काम करने से किसका विकास होता है?** **[ ]**

A) शरीर का B) बुद्धि का C) खेल का D) धन का

**नीचे दी गयी कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। वे हमें फल, फूल, लकड़ी और छाया देते हैं। पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं और वातावरण को ठंडा रखते हैं। अनेक पक्षी पेड़ों पर अपना घोंसला बनाते हैं। पेड़ वर्षा लाने में भी सहायक होते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। पेड़ों को काटने से बचाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं।

**11. पेड़ हमारे लिए क्या देते हैं?** **[ ]**

A) केवल पानी B) फल, फूल, लकड़ी और छाया

C) केवल भोजन D) केवल हवा

**12. पेड़ हवा को कैसी बनाते हैं?** **[ ]**

A) गर्म B) गंदी C) शुद्ध D) भारी

**13. पक्षी पेड़ों पर क्या बनाते हैं?** **[ ]**

A) घर B) घोंसला C) विद्यालय D) खेत

**14. हमें पेड़ों के साथ क्या करना चाहिए?** **[ ]**

A) उन्हें काटना चाहिए। B) उन्हें जलाना चाहिए।

C) उनकी देखभाल करनी चाहिए। D) उन्हें नष्ट करना चाहिए।

**15. अनुच्छेद में पेड़ों को किसका मित्र कहा गया है?** **[ ]**

A) किसानों का B) बच्चों का C) मनुष्य का D) सभी जीवों का

**खंड – ब :**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **2 × 2 = 4**

**16. 'ज्ञान हम को दीजिए' पाठ के आधार पर लिखिए—**

1. बालक प्रभु से क्या माँगते हैं?
2. बालक किसकी सेवा करना चाहते हैं?

**17. 'होशियार कौआ' पाठ के आधार पर लिखिए—**

1. लोमड़ी कौए के पास क्यों गई?
2. कौए ने अपनी बुद्धिमानी से स्वयं को कैसे बचाया?

**खंड – ग**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **2 × 4 = 8**

**18. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए।**

अ) ज्ञान – _____

आ) कौआ – _____

**19. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।**

**'होशियार कौआ' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?**

**खंड – घ**

**सृजनात्मक लेखन** **1 × 8 = 8**

**20. नीचे दिए गए चित्र को देखकर किसी एक चित्र के बारे में चार से पाँच वाक्य लिखिए।**

**(अ)** **(ब)**



**(अथवा)**

